## पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

*मिशन शक्ति बुलेटिन-III*

**थाना ठाकुरगंज की पिंक बूथ 86 टीम द्वारा बालागंज चौराहे पर महिलाओं और बच्चियों को सिखाए सुरक्षा के गुर, मिशन शक्ति 5.0 के तहत कराया जागरूक**

***"मिशन शक्ति 5.0- बेटी है तो कल है, उसकी सुरक्षा हमारा बल है।"***

*दिनांक-23.10.2025*

**पिंक बूथ-86 टीम** द्वारा **बालागंज चौराहे** पर महिलाओं और बच्चियों को **मिशन शक्ति 5.0** के तहत जागरूक किया गया। टीम ने उपस्थित महिलाओं को उनके **कानूनी अधिकारों**, **सुरक्षा से जुड़े उपायों** और **महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों** की जानकारी दी। साथ ही उन्हें **साइबर क्राइम से बचाव**, **आपात स्थिति में पुलिस सहायता प्राप्त करने के तरीके** तथा **आत्मरक्षा के गुर** भी सिखाए गए। इस पहल का उद्देश्य महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ाना और समाज में सुरक्षा व सम्मान का संदेश फैलाना रहा।

लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट के मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत ठाकुरगंज थाना पुलिस ने आज प्राथमिक विद्यालय गऊघाट में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। थाना ठाकुरगंज की मिशन शक्ति प्रभारी महिला उपनिरीक्षक प्रिया देवी के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में एंटी रोमियो प्रभारी उपनिरीक्षक राजकुमार भदौरिया सहित पुलिस टीम ने बच्चियों और अध्यापिकाओं को महिला सुरक्षा, बाल संरक्षण और साइबर सुरक्षा के महत्वपूर्ण पहलुओं से अवगत कराया।

इस अवसर पर महिलाओं और बच्चियों को उनके कानूनी अधिकारों, आत्मरक्षा के तरीकों और आपातकालीन सहायता सेवाओं की व्यापक जानकारी दी गई। साथ ही उन्हें थाना ठाकुरगंज पर संचालित नवनिर्मित "मिशन शक्ति केंद्र" के बारे में भी बताया गया, जहाँ महिलाओं और बच्चियों की समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाता है।

**आयोजक/आयोजन स्थल**

- महिला का0 लक्ष्मी देवी, पिंक बूथ 86 थाना ठाकुरगंज, लखनऊ कमिश्नरेट
- महिला का0 अनामिका देवी, पिंक बूथ 86 थाना ठाकुरगंज, लखनऊ कमिश्नरेट
- **पिंक बूथ-86 टीम** द्वारा **बालागंज चौराहे थाना ठाकुरगंज।**

**प्रतिभाग-**

- थाना ठाकुरगंज क्षेत्र के अंतर्गत बालागंज चौराहे पर करीब 20- 25 महिलाए व बच्चे।

**कार्यक्रम का विस्तृत विवरण-**

दिनांक **23 अक्टूबर 2025** को *मिशन शक्ति 5.0* अभियान के अंतर्गत **पिंक बूथ-86 टीम** की टीम द्वारा एक विशेष **जागरूकता कार्यक्रम** आयोजित किया गया।

# पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

# मिशन शक्ति बुलेटिन-IV

**दिनांक- 23.10.2025**

**महिला सशक्तिकरण की ओर एक कदम**
**पंपलेट वितरण के जरिए महिलाओं को सशक्त बनाने की पहल**

**मिशन शक्ति 5.0 शहर के बाजारो में शक्ति का संदेश, थाना अमीनाबाद क्षेत्रातर्गत मौलवीगंज बाजार, नजीराबाद बाजार में पैदल गश्त करते हुए मिशन शक्ति टीम द्वारा महिलाओं/बच्चों को पंपलेट वितरण कर किया गया जागरुक।**

**5 में थाना अमीनाबाद के सेंट्रल बीट बाजार, मौलवीगंज बाजार, नजीराबाद बाजार में पैदल गश्त करते हुए मिशन शक्ति टीम उपनिरीक्षक गौरव कुमारी मय उपनिरीक्षक शुचि सावंत, महिला आरक्षी लवसी के महिलाओं को महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर 1090,181,1098,1076,1930,101,102,108,112 आदि के बारे जानकारी दी गई व पम्पलेट वितरण किए गए**

लखनऊ पुलिस ने महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए जनपद के सभी 54 थानों में विशेष 'मिशन शक्ति केन्द्र' स्थापित किए हैं। यह निर्णय श्री अमरेन्द्र कुमार सेंगर, पुलिस आयुक्त, लखनऊ के मार्गदर्शन में "मिशन शक्ति 5.0" के तहत लिया गया है थाने पर आने वाली महिलाओं की समस्त समस्याओं का त्वरित निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया है।

मिशन शक्ति समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में एक ठोस पहल है। ऐसे प्रयासों से निश्चित रूप से एक सुरक्षित और संवेदनशील समाज के निर्माण में मदद मिलेगी।

## आयोजक-

- मिशन शक्ति प्रभारी म0उ0नि0 श्रीमती गौरव कुमारी थाना अमीनाबाद, पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ।
- प्रभारी म0उ0नि0 शुचि सावंत, थाना अमीनाबाद, पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ
- महिला आरक्षी लवसी, थाना अमीनाबाद, पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ।

## प्रतिभाग-

**थाना अमीनाबाद क्षेत्रातर्गत मौलवीगंज बाजार, नजीराबाद बाजार** में करीम 30- 40 महिलाए एंव बच्चे।